भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1918

दिनांक 07 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए

आंध्र प्रदेश में वन स्टॉप सेंटर

1918 श्री येरेम वेंकट सुब्बा रेड्डी:

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगी किः

(क) देश में वन स्टॉप सेंटरों का जिला-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान 300 वन स्टॉप सेंटर स्थापित किए जाने हैं;

(ग) उपरोक्त अतिरिक्त ओएससी स्थापित करने के लिए क्या मानदंड अपनाए जा रहे हैं;

(घ) आंध्र प्रदेश में स्थापित किए जाने वाले ओएससी का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आंध्र प्रदेश में आकांक्षी जिलों का ब्यौरा क्या है और क्या ओएससी स्थापित करने में आकांक्षी जिलों को कोई प्राथमिकता दी जाती है?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क): दिनांक 1 अप्रैल, 2015 से सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) योजना अब महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तीकरण के लिए 'मिशन शक्ति' नामक अम्ब्रेला योजना के तहत उप-योजना 'संबल' का एक घटक है। अब तक सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कुल 816 वन स्टॉप सेंटर अनुमोदित किए गए हैं, जिनमें से 786 ओएससी कार्यशील हैं। आन्ध्र प्रदेश राज्य सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमोदित और कार्यशील ओएससी **अनुलग्नक-I** में दिए गए हैं।

(ख): नीति आयोग द्वारा वर्ष 2020-21 में किए गए तृतीय पक्ष मूल्यांकन की सिफारिशों

के आधार पर, 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान 300 और ओएससी की स्थापना की परिकल्पना की गई थी।

(ग): जिलों में नए ओएससी स्थापित करने के मानदंडों में वे जिले शामिल हैं जहां महिलाओं के प्रति अपराध की उच्च दर है या बड़ा भौगोलिक क्षेत्र है, अधिमानत: आकांक्षी जिले। इसके अतिरिक्त, चूंकि यह योजना राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा मांग आधारित है, इसलिए उन्हें इन मापदंडो के आधार पर एक जिले में एक से अधिक ओएससी स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

(घ): आन्ध्र प्रदेश में जिला-वार अनुमोदित, कार्यशील वन स्टॉप केन्द्रों (ओएससी) का विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(ड़): आंध्र प्रदेश में, विजयनगरम, विशाखापत्तनम और वाई.एस.आर कडप्पा जिलों को नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिले घोषित किया गया है। विजयनगरम और विशाखापत्तनम जिलों में ओएससी वर्ष 2015-16 से कार्यशील हैं और वाई.एस.आर कडप्पा जिले में ओएससी वर्ष 2016-17 से कार्यशील हैं।

अनुलग्नक-I

"आंध्र प्रदेश में वन स्टॉप सेंटर" के विषय में श्री येरम वेंकट सुब्बा रेड्डी द्वारा दिनांक 07.08.2024 को पूछे गए राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1918 के भाग (क) में संदर्भित अनुलग्नक

अनुमोदित और कार्यशील ओएससी का जिला-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**कम से कम एक अनुमोदित ओएससी वाले जिलों की कुल संख्या**	**अनुमोदित ओएससी की संख्या**	**कार्यशील ओएससी की संख्या**
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	3	3	3
2	आंध्र प्रदेश	26	26	19
3	अरुणाचल प्रदेश	25	25	25
4	असम	35	36	36
5	बिहार	38	39	39
6	चंडीगढ़	1	1	1
7	छत्तीसगढ़	33	34	27
8	दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव	3	3	3
9	दिल्ली	11	11	11
10	गोवा	2	2	2
11	गुजरात	33	35	35
12	हरियाणा	22	22	22
13	हिमाचल प्रदेश	12	13	12
14	जम्मू और कश्मीर	20	20	20

15	झारखंड	24	24	24
16	कर्नाटक	31	40	38
17	केरल	14	14	14
18	लद्दाख	2	2	2
19	लक्षद्वीप	1	1	1
20	मध्य प्रदेश	52	57	57
21	महाराष्ट्र	36	42	42
22	मणिपुर	16	16	16
23	मेघालय	12	12	12
24	मिजोरम	11	13	8
25	नागालैंड	16	16	11
26	ओडिशा	30	30	30
27	पुदुचेरी	4	4	4
28	पंजाब	23	23	23
29	राजस्थान	33	37	37
30	सिक्किम	6	6	6
31	तमिलनाडु	38	48	47
32	तेलंगाना	33	36	36
33	त्रिपुरा	8	8	8
34	उत्तर प्रदेश	75	79	79
35	उत्तराखंड	13	14	14
36	पश्चिम बंगाल	23	24	22
	कुल	**765**	**816**	**786**

अनुलग्नक-II

"आंध्र प्रदेश में वन स्टॉप सेंटर" के विषय में श्री येरम वेंकट सुब्बा रेड्डी द्वारा दिनांक 07.08.2024 को पूछे गए राज्यसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1918 के भाग (क) में संदर्भित अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश में जिलावार अनुमोदित, कार्यशील वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) का विवरण

क्र.सं.	जिला	कार्यशील
1	अनंतपुरम	हाँ
2	अन्नमय्या	हाँ
3	चित्तूर	हाँ
4	डॉ. वाईएसआर कडप्पा	हाँ
5	पूर्वी गोदावरी	हाँ
6	एलुरु	हाँ
7	गुंटूर	हाँ
8	काकिंदा	हाँ
9	कृष्णा	हाँ
10	कुरनूल	हाँ
11	एनटीआर	हाँ
12	प्रकाशम	हाँ
13	सत्य साई	हाँ
14	एसपीएसआर नेल्लोर	हाँ
15	श्रीकाकुलम	हाँ
16	तिरुपति	हाँ

17	विशाखापत्तनम	हाँ
18	विजयनगरम	हाँ
19	पश्चिम गोदावरी	हाँ
20	अल्लुरु सीतारामाराजू	नहीं
21	अनकापल्ली	नहीं
22	बापतला	नहीं
23	कोनासीमा	नहीं
24	नदियाल	नहीं
25	पलनाडु	नहीं
26	पार्वतीपुरम मान्यम	नहीं

*****